उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार

UTTRAKHAND SANSKRIT UNIVERSITY,HARIDWAR

हरिद्वार–दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग,

HARIDWAR-DELHI NATIONAL HIGHWAY

पो0–बहादराबाद (हरिद्वार) 249402

P.O. : BAHADRABAD (HARIDWAR)-249402

☎: 01334–297022

E-mail : registrar@usvv.ac.in Website : www.usvv. ac.in

पत्रांक ९८५ /कुलपति पटल/2018 दिनांक 22 दिसम्बर, 2018

कार्यालय ज्ञाप

कुलाधिपति सचिवालय के पत्र संख्या–3120/जी0एस0/शिक्षा/J-80/2018, दिनांक 20 नवम्बर, 2018 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसमें द्वारा अवगत कराया गया है कि विश्वविद्यालय व उनसे संबंधित महाविद्यालयों/संस्थानों के शिक्षकगण एवं कर्मचारियों द्वारा विभिन्न समस्याओं/प्रकरणों/विषयों के संबंध में बिना उचित माध्यम से सीधे मा0 राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया से पत्राचार किया जा रहा है। यह प्रक्रिया कदापि उचित नहीं है।

उक्त के दृष्टिगत मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि इस संबंध में शिक्षकगण अथवा कर्मचारियों द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं/प्रकरणों/विषयों के संबंध में विश्वविद्यालय स्तर पर ही समाधान कराया जाय और किसी भी शिक्षक अथवा कार्मिक द्वारा (विश्वविद्यालय अधिनियम की व्यवस्था के अतिरिक्त) मा0 राज्यपाल/कुलाधिपति जी से सीधे पत्राचार न किया जाय। तथापि यदि किसी विषय का समाधान विश्वविद्यालय स्तर पर नहीं हो रहा है और कोई ऐसा विषय है जिसे मा0 राज्यपाल/कुलाधिपति के संज्ञान में लाया जाना आवश्यक है, तो उसे संबंधित विश्वविद्यालय के कुलपति के माध्यम से कुलाधिपति के सचिव को सम्बोधित कर मा0 राज्यपाल/कुलाधिपति जी के विचारार्थ प्रेषित किया जा सकता है।

उक्त के क्रम में विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों को निर्देशित किया जाता है कि कुलाधिपति सचिवालय से प्राप्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

(प्रो. पीयूषकान्त दीक्षित)
कुलपति

प्रतिलिपि :–

1. कुलसचिव।
2. वित्त नियत्रंक।
3. सहायक कुलसचिव।
4. विभागाध्यक्ष/प्रभारी विभागाध्यक्ष, शिक्षाशास्त्री, हिन्दी एवं भाषा विज्ञान, साहित्य, व्याकरण, योग, ज्योतिष, वेद, पत्रकारिता, पुस्तकालय विज्ञान विभाग।
5. समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी।
6. विश्वविद्यालय वेबसाईट/सूचनापट्ट।

(प्रो. पीयूषकान्त दीक्षित)
कुलपति